# ईयू के साथ एफटीए से खुलेंगे नये अवसर : सीतारमण

## यह पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता हमारे देश के लोगों के लिए अधिक अवसर पैदा करेगा

**नई दिल्ली, 28 जनवरी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे भारतीय नागरिकों के लिए अधिक अवसर पैदा होंगे. सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, वास्तव में यह एक मील का पत्थर है. यह पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता हमारे देश के लोगों के लिए अधिक अवसर पैदा करेगा.**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व वाली वार्ता टीम के अथक परिश्रम की सराहना की. श्री मोदी ने यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा, आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है. आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है. यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है. यह साझा समृद्धि का नया खाका है. सीतारमण ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि यह एफटीए बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और उभरती आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप हैं तथा भारत को एक विश्वसनीय और दूरदर्शी आर्थिक साझेदार के रूप में स्थापित करता है. यह भारत को 27 देशों के साथ एकीकृत करता है, जिससे 20 लाख करोड़ डॉलर के बाजार तक पहुंच खुलती है और विश्व के सबसे परिष्कृत उपभोक्ता आधारों में से एक में असीमित विकास संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होता है.

देश के उद्योग संगठनों ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे निर्यात ज्यादा प्रतिस्पर्धी होगा और विकसित भारत के निर्माण में मदद मिलेगी. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता देश की वैश्विक व्यापार भागीदारी में एक रणनीतिक सफलता का प्रतीक है और दो प्रमुख लोकतांत्रिक देशों और अर्थव्यवस्थाओं के बीच साझेदारी को और मजबूत बनाता है. दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा हैं.

# सोना-चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

## चांदी में 6 प्रतिशत से ज्यादा आया उछाल

**नई दिल्ली, 28 जनवरी. बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें मजबूत खरीदारी की मांग, कमजोर डॉलर और बढ़ते जियोपॉलिटिकल तनाव के बीच रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं, जिससे सेफ हेवन की मांग बढ़ गई. एमसीएक्स पर सोना और चांदी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए.**

बुधवार सुबह कारोबार के दौरान. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंजऔर अंतरराष्ट्रीय बाजार. कौन्ट निवेशकों की मजबूत खरीदारी, सेंट्रल बैंकों और ईटीएफ प्रवाह का असर. क्यों्ट कमजोर डॉलर और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से सेफ-हेवन मांग बढ़ी. कैसे्ट वायदा कीमतों में तेज उछाल के जरिए. सुबह करीब 11.30 बजे एमसीएल सोने का फरवरी वायदा 2.97प्रतिशत चढ़कर 10 ग्राम के लिए 1,62,387 पर पहुंच गया. वहीं, एमसीएल चांदी का मार्च वायदा 6.21प्रतिशत उछलकर 3,78,401 प्रति किलोग्राम हो गया. अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना 5,200 प्रति औंस के ऊपर गया.

सेंट्रल बैंक की खरीद और स्थिर ईटीएफ निवेश ने इस वर्ष सोने में लगभग 20प्रतिशत तेजी को सहारा दिया है, जबकि चांदी में इससे भी तेज बढ़त देखी गई. विश्लेषकों का कहना है कि सोलर, ईवी, एआई/डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से औद्योगिक मांग के साथ महंगाई-हेज और सेफ-हेवन निवेश चांदी को मजबूती दे रहे हैं. निकट अवधि में मुनाफावसूली के बावजूद समग्र रुझान सकारात्मक बना हुआ है. तकनीकी स्तर पर सोने को रु. 1,55,050-रु.1,53,310 के दायरे में सपोर्ट और रु.1,59,850-रु. 1,61,950 पर रेजिस्टेंस बताया गया है. चांदी के लिए सपोर्ट 3,44,810 और 3,37,170, जबकि रेजिस्टेंस रु.3,61,810 और रु.3,65,470 पर है. अगला कदम- फेड की बैठक और डॉलर की चाल पर नजर रहेगी, जो आगे की दिशा तय करेगी.

# एसीसी सीमेंट को तीसरी तिमाही में 404 करोड़ रुपये का मुनाफा

**परिचालन से प्राप्त राजस्व 6,483 करोड़ और परिचालन लाभ 700 करोड़ रुपये**

**तिमाही के दौरान सीमेंट की बिक्री बढ़कर 113 लाख टन पर पहुंची**

**नई दिल्ली, 28 जनवरी. अडानी समूह की कंपनी एसीसी सीमेंट को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) में 404 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है.**

कंपनी ने बुधवार को जारी वित्तीय परिणामों में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 637 करोड़ रुपये के सरकारी अनुदान और आयकर पर 530 करोड़ रुपये के ब्याज को छोड़ दें, तो एक साल पहले सामान्य स्थिति आने के बाद उसे 85 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जबकि बीती तिमाही में सामान्य स्थिति आने के बाद शुद्ध लाभ 380 करोड़ रुपये रहा. इस प्रकार, शुद्ध मुनाफा 346 प्रतिशत बढ़ा है.

कंपनी ने बताया कि तिमाही के दौरान उसका परिचालन से प्राप्त राजस्व 6,483 करोड़ रुपये और परिचालन लाभ 700 करोड़ रुपये रहा जो अपने-आप में रिकॉर्ड है. प्रति टन परिचालन लाभ 619 रुपये रहा. तिमाही के दौरान सीमेंट की बिक्री बढ़कर 113 लाख टन पर पहुंच गयी. तिमाही के दौरान कंपनी का नेटवर्थ 389 करोड़ रुपये बढ़कर 20,326 करोड़ रुपये हो गया. आलोच्य तिमाही में प्रति शेयर कंपनी की कमाई 21.5 रुपये रही.

## ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरा रुपया, 22 पैसे मजबूत

**मुंबई, 28 जनवरी.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 91.68 रुपये का बोला गया. भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 32.50 पैसे टूटकर 91.9050 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी. आज रुपये में शुरू से ही तेजी रही. यह 8.50 पैसे की बढ़त में 91.82 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. बीच कारोबार में यह ऊपर 91.63 रुपये और नीचे 91.90 रुपये प्रति डॉलर तक गया. अंत में 22 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ. यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा से रुपया मजबूत हुआ है.

# एनबीसीसी ने फहराया तिरंगा

**नई दिल्ली, 28 जनवरी. एनबीसीसी ने नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया.**

इस आयोजन का शुभारंभ श्री के. पी. महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे को फहराने के साथ किया गया. इस अवसर पर श्री अंजीव कुमार जैन, निदेशक (वित्त), वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. इस अवसर पर राष्ट्रीय गान गाया गया. सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी ने स्वतंत्रता को प्राप्त करने हेतु किए गए बलिदानों को याद किया तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए समर्पण और निष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने पर बल दिया. उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता एवं सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया. उन्होंने 77 वें गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर भारत के संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की भी पुन: पुष्टि की. अपने संबोधन का समापन उन्होंने तीन जोशपूर्ण नारों जय हिंद!

# 114 करोड़ ऑर्डर से एमआईसी में अपर सर्किट

**मुंबई, 28 जनवरी— 114.10 करोड़ का ऑर्डर मिलने के बाद एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में 10प्रतिशत का अपर सर्किट लगा. बीएसई पर शेयर 38.94 तक पहुँचा.**

स्मॉलकैप कंपनी एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स. बुधवार के कारोबारी सत्र में. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण से इंफ्रा वर्क का बड़ा ऑर्डर मिलने के कारण. कंपनी को सेक्टर 22 स्थित कॉमन फैसिलिटी सेंटर में डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग, एएमसी व मेंटेनेंस का कार्य सौंपा गया है, जिसे 10 महीनों में पूरा करना है. कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में बताया कि यह ऑर्डर निविदा प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है. ऑर्डर की खबर आते ही निवेशकों की रुचि बढ़ी और शेयर ऊपरी सर्किट पर लॉक हो गया.

# मारुति सुजुकी का मुनाफा 3 .68 प्रतिशत बढ़ा

## तीसरी तिमाही में एकल आधार पर 3,794 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली, 28 जनवरी. देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकल आधार पर 3,794 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ जो सालाना आधार पर 3.68 प्रतिशत बढ़ा है.**

कंपनी ने बुधवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की. उसने बताया कि तिमाही के दौरान उसका कुल राजस्व 50,945.8 करोड़ रुपये रहा. यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 39,819.5 करोड़ रुपये के मुकाबले 27.94 प्रतिशत अधिक है. कंपनी ने बताया कि कच्चे माल पर लगात में तेज बढ़ोतरी से राजस्व की तुलना में उसके कुल व्यय में ज्यादा इजाफा हुआ है. इसलिए, शुद्ध लाभ में मामूली वृद्धि दर्ज की गयी. मारुति सुजुकी को प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर में पिछले साल सितंबर में किये गये सुधारों के कारण उसने तिमाही बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया. उसके यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री एक साल पहले की 4,66,993 इकाई से बढ़कर 5,64,669 इकाई पर पहुंच गयी. कुल 97,676 इकाई की वृद्धि में 68,328 इकाई छोटी कारें हैं जिन पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है. साथ ही, तिमाही के दौरान कंपनी का निर्यात भी 1,03,100 इकाई पर रहा.

## सिगरेट की बिक्री में कर बढ़ने से गिरावट संभव : क्रिसिल

**नई दिल्ली.** सिगरेट पर 01 फरवरी से बढ़े कर, शुल्क एवं अधिभारों के कारण अगले वित्त वर्ष में इसकी बिक्री में छह से आठ प्रतिशत की गिरावट की आशंका है. साख निर्धारक एवं बाजार अध्ययन एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को जार एक रिपोर्ट में यह बात कही है. रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सिगरेट पर 28 प्रतिशत कर है.


### मांग नोटिस

जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के न्यासी के रूप में कार्य करते हुए) (जिसे आगे "ARCIL" कहा गया है) के अधिकृत अधिकारी कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (जिसे आगे "SARFAESI अधिनियम" कहा गया है) के तहत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं, और जबकि नीचे उल्लिखित चार्ट के स्तंभ संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं ने मूल ऋणदाता IIFL-होम फाइनेंस लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है, और जबकि-ARCIL ने नीचे उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया है, और जबकि ARCIL, SARFAESI अधिनियम के तहत सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ, मांग नोटिस जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकानी थी, लेकिन विभिन्न कारणों से कुछ उधारकर्ताओं को नोटिस नहीं भेजा जा सका। ट्रस्ट का नामः आर्सिल ट्रस्ट -2026 - 015

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्रीमती सुनीता भूपेन्द्र सिंह श्री भूपेन्द्र भगवान सिंह तुलजा भवानी टिफि न सेंटर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10478073) | 05-जनवरी-26, रु. 741308.97/- (सात लाख इकतालीस हजार तीन सौ आठ और सनतान्वे पैसे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्साः ख. सं. 2586/3/1/2 से संबंधित भूमि का भूखंड, पीएच. नं. 60 (नया-02), वार्ड सं.34, हलाली कॉलोनी के पीछे, विदिशा, म.प्र. 464001। क्षेत्रफल प्रशासनिक माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 450.00, 450.00 |

अतः, ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करें। यदि संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता कुल बकाया राशि और ब्याज का भुगतान करने में विफल रहता है, तो ARCIL धारा 13(4) के तहत ऊपर वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए बाध्य होगा। अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से भी सूचना तामील करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक को सार्वजनिक नीलामी या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए निजी संधि की सूचना के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय ARCIL द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और देय पूरी राशि के भुगतान पर छुड़ाया जा सकता है, जैसा कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(8) में विस्तृत है।

कृपया ध्यान दें कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आपको एतद्द्वारा बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी प्रकार से सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण और/या उनसे संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 29-01-2026,

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड। सीआईएन क्रमांक-U65999MH2002PLC134884

पंजीकृत कार्यालयः द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028। दूरभाषः +91 2266581300। वेबसाइटः www.arcil.co.in



### कार्यालय संयुक्त संचालक पशुचिकित्सा सेवायें दुग्ध संपदा भदभदा भोपाल (म.प्र.)

Phone- 0755-2696827, email- ddvsdairyestate@yahoo.co.in

### निविदा सूचना

क्रमांक 127 दिनांक 19-01-2026

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश की ओर से शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, दुग्ध संपदा, भदभदा, भोपाल पर मक्का साईलेज प्रदाय हेतु द्र-श्नश्नष्ह्हद्दद्दठ्ठ प्रणाली क्वहह्ल्ठ्ठ्य द्धह्लह्लश्चझ्झद्वश्नह्लद्दठ्ठस्रद्दह्ह्य.द्दश1.द्वठ्ठ पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं.क्र. | विवरण | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारंभिक दिनांक | निविदा राशि रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| NIT/JD VSDAIRY/ 04/2026 | शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा भोपाल पर मक्का साईलेज प्रदाय परिवहन तथा गोदाम में भंडारण हेतु निविदा आमंत्रण (आवश्यकतानुसार) | 29.01.2026 | 2000+ (प्रोसेसिंग फीस) | रु.2,50,000(रु.दो लाख पचास हजार मात्र) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जिसकी वैधता दि.31.3.2027 तक होना अनिवार्य है. धरोहर राशि ऑनलाइन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है. | 18.02.26 शाम 6.00 बजे तक |

1. निविदा प्रपत्र उक्त वर्णित वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं.
2. निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाइट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है.
3. निविदा का अनुमानित मूल्य रु. 01 करोड़ मात्र है.
4. निविदा में सशोधन ऑनलाइन पोर्टल पर देखा जा सकेगा.

जी- 25003/25

संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं दुग्ध संपदा, भदभदा, भोपाल (म.प्र.)



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम BATUL BAI था जिसे बदलकर BATUL SAIFY कर दिया है। मुझे बतूल सैफी पत्नि जुलफेकार अली नाम से जाना व पहचाना जाऐं।

सही : बतूल सैफी
वार्ड नं. 09 ,
बालाघाट



### मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा)

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल (म.प्र.)-462004

क्रमांक एफ 2/2/14/0007/2025/12-1/150 भोपाल दिनांक 20/01/2026

### द्वितीय निविदा

म.प्र. मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक-1 में मान. मंत्रीगणों/अधिकारी कक्षों की नेमप्लेट लिखे जाने संबंधी कार्य हेतु बंद लिफाफा पद्धति में निविदा निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तों की पूर्ति करते हुए आमंत्रित की जाती है. संलग्न निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तों की पूर्ति करते हुए निविदा प्रपत्र एक एवं दो पृथक-पृथक लिफाफे में आमंत्रित की जायेगी, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ करने की तिथि व समय | दिनांक 23.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से |
| 2. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 13.02.2026 दोपहर 12:00 बजे तक |
| 3. | निर्धारित अवधि में प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि व समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक 16.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे. 2. फायनेंशियल बिड- दिनांक 16.02.2026 को दोपहर 12:30 बजे |
| 4. | प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक-01 स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |
| 5. | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है. | मंत्रालय वल्लभ भवन क्रमांक-01 स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |

जी- 24993/25

अवर सचिव (अधीक्षण) म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग



### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल
फोनः 0755-4045435 Mobile : 7247770078

### अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना

संदर्भः- 1. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी दिनांक 03.10.2017 का मांग नोटिस
2. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत जारी दिनांक 19.12.2017 का कब्जा नोटिस

प्रिय महोदय/महोदया,

चूँकि **बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/ बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है। सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **श्री भूपेन्द्र पव्या** पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार **पव्या,** मकान नं. 137बी, दुर्गेश विहार, जे.के. रोड, नरेला शंकरी, भोपाल (म.प्र.) - 462021 जमानतदार- **श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव पत्नि श्री संदीप खरे,** सी-3, आकृति रीट्रीट, पलाश हाऊसिंग सोसायटी, बाबड़िया कलां, भोपाल (म.प्र.) 462023 | फ्लैट नं. 03, चतुर्थ तल, ताप्ती ब्लॉक-04, इंडस रियल्टी, प्लाट नं. 10 का भाग, सेक्टर-डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, वार्ड नं. 13, मण्डीदीप तहसील-गौहरगंज, जिला- रायसेन (म.प्र.) संपत्ति मालिक - श्री भूपेन्द्र पव्या चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. -04, ताप्ती ब्लॉक-03 , दक्षिण- पैसेज, पूर्व-खुला, पश्चिम- फ्लैट नं. -02, ताप्ती ब्लॉक-04 | 03.10.2017 सांकेतिक कब्जा दिनांक 19.12.2017 भौतिक कब्जा दिनांक 03.09.2024 कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 21-12-2017 |

दिनांक : 19.01.2026, स्थानः भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीती सक्सेना पत्नी श्री आशीष कुमार ने साझेदारी फर्म मैसर्स बेटवा वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक्स (PAN :AAXFB4832G) (पंजीकरण संख्या 01/02/01/0393/22 वर्ष 2021-2022 पता 168 प्रीति कुंज, श्रीराम कॉलोनी, हनुमान मंदिर के पास, सीहोर, मध्यप्रदेश - 466001), जो कि वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स के व्यवसाय में संलग्न है, से दिनांक 20 नवम्बर 2025 से सेवानिवृत्ति (Retirementg) ले ली है। उक्त फर्म का व्यवसाय उसी नाम एवं शैली में निम्नलिखित जारी साझेदारों द्वारा आगे भी संचालित किया जाएगा।

- श्रीमती सरिता पांडेय पत्नी श्री मनीष कुमार पांडेय
- श्रीमती हिमानी शर्मा पत्नी श्री विकांत मैथिल

यह भी सूचित किया जाता है कि सेवानिवृत्त साझेदार श्रीमती शीती सक्सेना उक्त तिथि के पश्चात फर्म द्वारा किए गए किसी भी ऋण, देयता, दायित्व अथवा कार्य के लिए उत्तरदायी नहीं होंगी। फर्म से लेन-देन करने वाले समस्त व्यक्ति एवं संस्थाएँ इस सूचना का संज्ञान लें।

स्थान : सीहोर
दिनांक : 29 जनवरी 2026
मैसर्स बेटवा वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक्स के लिए
श्रीमती सरिता पांडेय (जारी साझेदार)
श्रीमती हिमानी शर्मा (जारी साझेदार)



### पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय
टीआरडी शाखा भोपाल
सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./466 दिनांक 28/01/2026

### खुली ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेण्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेण्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/466 **कार्य का विवरण:** भोपाल डिवीजनः ओएचई वर्क फॉर एक्सीक्यूशन ऑफ पार्ट ऑफ पीएसएसएस जीसीटी (फेज-1) ऑन प्राइवेट लैंड, इन प्लांट सर्वड एट बीर स्टेशन बाय एमपीपीजीसीएल (इलेक्ट्रिकल टीआरडी वर्क)। **कार्य समाप्त करने की अवधिः 06 माह। अनुमानित लागत रू. 81,21,917.38 ईएमडी रू. में** 1,62,400.00 **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समयः** 18/02/2026 को 11.00 बजे तक।

कृते वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी/भोपाल

455/2025

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।



### अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029 परीक्षा अनुभाग

**विज्ञापन संख्या 03/2026**

**AIIMS, नई दिल्ली और पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, कुन्नूर, तमिलनाडु के लिए ग्रुप-ए (गैर-फैकल्टी) (REGA-2.0) भर्ती परीक्षा।**

नई दिल्ली स्थित एम्स और तमिलनाडु के कुन्नूर स्थित पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में विभिन्न ग्रुप-ए (गैर-फैकल्टी) पदों पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों का विवरण और पात्रता एम्स की वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर उपलब्ध विज्ञापन में देखी जा सकती है।

परीक्षा केवल ऑनलाइन (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी, जिसके बाद चयनित उम्मीदवारों की पात्रता की जांच और वर्णनात्मक लिखित परीक्षा (डीडब्ल्यूटी) होगी।

| आवेदन हेतु ऑनलाइन पंजीकरण | |
|---|---|
| खुलने की तारीखः | बंद होने की तारीखः |
| 22 जनवरी, 2026 (गुरुवार) | 20 फरवरी, 2026 शाम 5:00 बजे (शुक्रवार) |
| **भर्ती परीक्षा की तिथि** | |
| परीक्षा की तिथिः | राज्य में परीक्षा केंद्रः |
| संभावित रूप से अप्रैल 2026 | दिल्ली/एनसीआर, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल |

**महत्वपूर्णः** सभी आवेदकों को AIIMS की वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in पर नियमित रूप से जाना अनिवार्य है, क्योंकि सभी संबंधित संशोधन/संशोधन/अपडेट केवल वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।

CBC17112/12/0068/25/26

एसडी/-
सहायक नियंत्रक (परीक्षाएँ)



### पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मंडल कार्यालय, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2550020

### मांग सूचना (सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13(2)के अंतर्गत)

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता -श्रीमती रिशिमा खान पत्नी रज़मी खान एवं श्री ईशान खान पुत्र रज़मी खान ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का भुगतान नहीं किया है और ऋण को गैर-निष्पादित आस्तियाँ (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन वे बिना तामील हुये वापस आ गए हैं और अत: उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

| ऋणधारी नाम | संपत्तियों का विवरण/बंधक संपत्तियों का पता | सूचना की तिथि | एनपीए की तिथि | बकाया राशि (16.12.2025 के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|
| **1) श्रीमती रिशिमा खान पत्नी रज़मी खान 2) श्री ईशान खान पुत्र रज़मी खान** पता: फ्लैट नं. जी-1, ''व्हाइट हॉल अपार्टमेंट'', वुड्स इन रिज़ार्ट के पास, अब्बास नगर रोड, खेबरा, गांधी नगर, भोपाल (म.प्र.) 462036 | संपत्ति का वह भाग जिसमें 2 बीएचके का फ्लैट नं. जी-01 भूतल पर स्थित बहुमंजिला बिल्डिंग ''हाइट हॉल अपार्टमेंट'' प्लाट नं. 224 एवं 225 पर निर्मित खसरा नं. 476/1/2/2 एवं 478/1/1/1/2 का भाग, भोपाल विकास प्राधिकरण, राजभोज नगर विकास योजना, गोंदरमऊ ग्राम, फेस-II, नगर निगम वार्ड नं. 01, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित, क्षेत्रफल : 892.44 वर्ग फिट (82.94 वर्ग मीटर), सीमाएँ: पूर्व-डुप्लेक्स नं. 1, व्हाइट हॉल अपार्टमेंट, पश्चिम- लिफ्ट और कॉमन एरिया, उत्तर- रोड, दक्षिण- फ्लैट नं. जी-02 संपत्ति मालिक : श्रीमती रिशिमा खान पत्नि रज़मी खान। | 09-01-2026 | 16-12-2025 | रु.1708334.00 + अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क आदि |

उपरोक्त उधारकर्ता(ओ) और उनके जमानतदार (ओ) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर इस धारा 13 नोटिस वित्तीय परिसंपत्तियों और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की उपधारा 4 की तारीख से 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

दिनांक : 28.01.2026, स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक